परीक्षण पुस्तिका

परीक्षण पुस्तिका क्र.

**APST21 HIND**

6267180

# हिन्दी
# HINDI

परीक्षण पुस्तिका कोड

**D**

रोल नंबर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**परीक्षार्थी का नाम :**

**परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :**

**समय : 2 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. आपको ओ.एम.आर.(ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) उत्तर-पत्रिका के साथ-साथ एक **16** पृष्ठों की परीक्षण पुस्तिका दी गयी है । इस परीक्षण पुस्तिका में क्रमवार, 1 से 80 संख्या तक, **80** प्रश्न दिए गए हैं । परीक्षण पुस्तिका के पृष्ठों की गिनती कर लें और सुनिश्चित करें कि वे सही क्रम में हैं तथा परीक्षण पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका की क्रम संख्या एवं कोड एक समान हैं । यदि परीक्षण पुस्तिका व ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में बेमेल / त्रुटि / विसंगति हो, तो अपने निरीक्षक को वापस करके उसके स्थान पर सही परीक्षण पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका लें ।
2. निम्नांकित उदाहरण के अनुसार प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में ही दें । परीक्षार्थियों को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में उचित स्थान पर अपने उत्तर दर्शाने होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका के पृष्ठ-1 पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक वृत्त को ही काला करें ।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिसमें से केवल **एक** उत्तर **सही** है । परीक्षार्थियों को सही उत्तर चुनकर, चुने गए उत्तर के संगत वृत्त को काला करना होगा । उदाहरणार्थ, यदि प्रश्न सं. **37** के लिए आपका उत्तर (C) है, तो Ⓒ के अंतर्गत वृत्त को ठीक वैसा ही काला करें जैसा कि नीचे दर्शाया गया है ।

| Q.No. | Response |
|---|---|
| 37 | Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ |

4. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में लिखने के लिए केवल नीले/काले बॉल-प्वॉइंट पेन का ही उपयोग करें । परीक्षार्थियों को अपना बॉल-प्वॉइंट पेन लाना होगा । **पेंसिल का उपयोग सख़्त रूप से वर्जित है ।**
5. परीक्षा की अवधि 11:30 a.m. से 01:30 p.m. तक दो घंटों की होगी और इसमें तीन खण्ड होंगे जिसमें केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे ।
6. **"दिव्यांग छात्रों" के लिए अतिरिक्त 40 मिनट दिए जाएँगे ।**
7. प्रत्येक परीक्षार्थी को सभी तीनों खण्डों की एक परीक्षण पुस्तिका दी जाएगी ।
8. निम्न ब्यौरों के अनुसार 100 अंकों के 80 प्रश्न होंगे । 11:15 a.m. से 11:30 a.m. तक निर्देश पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।

| परीक्षा का प्रकार | खण्ड | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण | खण्ड – I | 1 से 40 = 40 प्रश्न | 50 |
| अंकगणित परीक्षण | खण्ड – II | 41 से 60 = 20 प्रश्न | 25 |
| भाषा परीक्षण | खण्ड – III | 61 से 80 = 20 प्रश्न | 25 |
| | **कुल योग** | **80** | **100** |

9. सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए समान अंक होंगे ।
10. आपको प्रत्येक खण्ड में क्वालीफाई करने के लिए प्रत्येक खण्ड का उत्तर देना होगा ।
11. **खण्ड – I** में **दस** भाग हैं । प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं ।
12. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में ओवरराइटिंग, स्ट्राइकिंग, कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा मिटाने की अनुमति नहीं है । इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में अलग से कोई चिह्न न लगाएँ । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में एक बार उत्तर चिह्नित करने के बाद उस पर कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में कच्चा कार्य नहीं किया जाना चाहिए । **कच्चे कार्य** के लिए परीक्षण पुस्तिका की पृष्ठ संख्या **16** का उपयोग करें ।
14. प्रत्येक **30** मिनट पर घंटी बजाई जाएगी ।
15. किसी भी प्रकार की ऋणात्मक मार्किंग नहीं की जाएगी ।





SEAL SEAL SEAL

## खण्ड – I





## मानसिक योग्यता परीक्षण


### भाग – 1

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 1 से 4 में, प्रत्येक प्रश्न में चार चित्र (A), (B), (C) और (D) दर्शाए गए हैं । इन चार चित्रों में से तीन चित्र किसी विधि से एक समान हैं, जबकि एक चित्र अन्य से भिन्न है । अन्य से भिन्न चित्र का चयन करें । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।


1.

(A)

(B)

(C)

(D)


2. TIC (A) CTI (B) TEC (C) ITC (D)

3.

(A)

(B)

(C)

(D)

4.


(A)


(B)


(C)


(D)


Navodayastudy.com



## भाग – 2


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **5** से **8** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दिए गए हैं । उत्तर चित्रों से प्रश्न चित्र के समरूप चित्र को चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।





**प्रश्न चित्र** — **उत्तर चित्र**

**5.** 



(A)


(B)

(C)

(D)

**6.** 


(A)

(B)

(C)

(D)

**7.** 


(A)

(B)

(C)

(D)

**8.** 


(A)

(B)

(C)

(D)


Navodayastudy.com

## भाग – 3

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **9** से **12** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है, जिसका एक भाग लुप्त दर्शाया गया है । दाईं ओर दिए गए उत्तर चित्र (A), (B), (C) और (D) पर गौर करें तथा उस उत्तर चित्र का पता लगाएँ जिसको **बिना दिशा परिवर्तन** के प्रश्न चित्र के पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न चित्र के लुप्त भाग में बिठाया जा सके । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र


**9.** 



(A)



(B)



(C)



(D)


**10.** 



(A)



(B)



(C)



(D)


**11.** 




(A)



(B)



(C)



(D)

**12.** 


(A)


(B)


(C)



(D)


Navodayastudy.com

## भाग – 4


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **13** से **16** में, बाईं ओर तीन प्रश्न चित्र दर्शाए गए हैं तथा चौथे चित्र के लिए स्थान छोड़ा गया है । प्रश्न चित्र श्रेणीक्रम में हैं । श्रेणीक्रम को पूरा करने के लिए दाईं ओर उपलब्ध उत्तर चित्रों में से एक चित्र का चयन करें जिसे प्रश्न चित्र के खाली स्थान में प्रतिस्थापित किया जा सके । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।


| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**13.** 





(A) (B) (C) (D)

**14.** 





(A) (B) (C) (D)

**15.** 



(A) (B) (C) (D)

**16.** 



(A) (B) (C) (D)

Navodayastudy.com


## भाग – 5

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **17** से **20** में, प्रत्येक प्रश्न में दो प्रश्न चित्रों के दो सेट दिए गए हैं । दूसरे सेट में एक प्रश्न चिह्न (?) है । प्रथम सेट के दो प्रश्न चित्रों में एक निश्चित संबंध है । इसी तरह का संबंध दूसरे सेट के तीसरे तथा चौथे प्रश्न चित्र में भी होना आवश्यक है । उत्तर चित्रों से उस चित्र का चयन करें जो प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।

**प्रश्न चित्र** | **उत्तर चित्र**


**17.**





(A) (B) (C) (D)


**18.**




(A) (B) (C) (D)


**19.**




(A) (B) (C) (D)

**20.**



(A) (B) (C) (D)

Navodayastudy.com


navodayastudy.com




## भाग – 6


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **21** से **24** में, प्रश्न चित्र के रूप में ज्यामितीय चित्र (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त) के एक भाग को बाईं ओर दर्शाया गया है तथा दाईं ओर दूसरे भाग को चार उत्तर चित्रों के रूप में (A), (B), (C) और (D) से दर्शाया गया है । दाईं ओर के चित्र से ज्यामितीय चित्र को पूर्ण करने वाले चित्र को ज्ञात करें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।

**प्रश्न चित्र** | **उत्तर चित्र**



**21.** 


(A)

(B)

(C)

(D)

**22.** 


(A)

(B)

(C)

(D)


**23.** 




(A)


(B)

(C)

(D)

**24.** 


(A)

(B)


(C)

(D)


Navodayastudy.com

## भाग – 7


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **25** से **28** में, बाईं ओर प्रश्न चित्र दर्शाया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं । किसी दर्पण को XY के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न चित्र के सही दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर चित्र से चुनें । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।


**प्रश्न चित्र** **उत्तर चित्र**

**25.** 






(A) (B) (C) (D)

**26.** 






(A) (B) (C) (D)

**27.** 

(A) (B) (C) (D)

**28.** 



(A) (B) (C) (D)

Navodayastudy.com



## भाग – 8

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **29** से **32** में, बाईं ओर प्रश्न चित्र में दर्शाए अनुसार कागज़ के एक टुकड़े को मोड़कर पंच किया गया तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं । कागज़ के टुकड़े को खोलने पर वह जिस प्रकार दिखेगा वैसा ही चित्र उत्तर चित्र से चुनें । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।



**प्रश्न चित्र** | **उत्तर चित्र**

**29.**  



(A) (B) (C) (D)

**30.**  

(A) (B) (C) (D)

**31.**  

(A) (B) (C) (D)

**32.**  

(A) (B) (C) (D)


Navodayastudy.com


## भाग – 9

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **33** से **36** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं । उत्तर चित्र से उस चित्र का चयन करें जिसे प्रश्न चित्र में उपलब्ध कट-आउट टुकड़ों से बनाया जा सकता हो । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।


| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**33.** 



(A)



(B)



(C)



(D)


**34.** 



(A)


(B)



(C)



(D)


**35.** 



(A)



(B)



(C)



(D)

**36.** 


(A)


(B)


(C)



(D)


## भाग – 10


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **37** से **40** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं । उत्तर चित्रों से उस चित्र को चुनें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/सम्मिलित है । अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।

**प्रश्न चित्र** **उत्तर चित्र**


**37.** 



(A)


(B)


(C)



(D)

**38.** 



(A)



(B)


(C)



(D)

**39.** 



(A)



(B)



(C)



(D)

**40.** 


(A)


(B)


(C)


(D)

Navodayastudy.com

## खण्ड – II
## अंकगणित परीक्षण

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** सम्भावित उत्तर हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है । इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है । सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।

**41.** 'A' एक रेडियो को उसके अंकित मूल्य के $\frac{3}{4}$ में खरीदता है तथा इसे अंकित मूल्य से 20% अधिक पर बेच देता है । 'A' का प्रतिशत लाभ क्या है ?

(A) 30 (B) 45
(C) 60 (D) 75

**42.** एक विद्यालय में, $\frac{3}{5}$ बच्चे लड़के हैं तथा लड़कियों की संख्या 800 है । लड़कों की संख्या है

(A) 800 (B) 1000
(C) 1200 (D) 2000

**43.** एक वस्तु ₹ 7,500 में खरीदी जाती है और ₹ 8,400 में बेची जाती है । लाभ प्रतिशत है

(A) 8% (B) 10%
(C) 12% (D) $10\frac{5}{7}$ %

**44.** दिया गया है कि $154 \times 18 = 2772$, तो $27{\cdot}72 \div 1{\cdot}8$ का मान क्या है ?

(A) 1·54 (B) 15·4
(C) 154 (D) 1540

**45.** यदि $\frac{x}{25} = \frac{196}{x}$ है, तो x बराबर है

(A) 56 (B) 70
(C) 84 (D) 42

**46.** एक धनराशि 16 वर्ष में साधारण ब्याज से दुगुनी हो जाती है । वार्षिक दर होगी

(A) 10% (B) $6\frac{1}{4}$ %
(C) 8% (D) 16%

**47.** निम्नलिखित व्यंजक का (पूर्ण संख्या में) निकटतम मान ज्ञात कीजिए :

$$349 \times 51 + (632 \div 31)$$

(A) 17522 (B) 17520
(C) 17821 (D) 17521

**48.** एक क्रिकेट के खिलाड़ी की 24 पारियों में रनों का औसत 28 रन है । वह 25वीं पारी में कितने रन बनाए ताकि उसका औसत 29 हो जाए ?

(A) 1 (B) 24
(C) 35 (D) 53

**49.** एक मैच कुल आधा घंटा चलता है । मैच के समय का $\frac{1}{10}$ भाग टाइम-आउट के लिए लिया जाता है । यह टाइम-आउट कितने मिनट का होता है ?

(A) 5 मिनट (B) 3 मिनट
(C) 6 मिनट (D) 4 मिनट

**50.** यदि एक समकोण त्रिभुज की दो लम्बवत् भुजाएँ 5 सेमी तथा 12 सेमी हैं, तो इस त्रिभुज का परिमाप है

(A) 13 सेमी (B) 17 सेमी
(C) 27 सेमी (D) 30 सेमी

**कच्चे कार्य के लिए जगह**

Navodayastudy.com

**51.** 3·003 × 15 + 0·0123 + 5·002575 को सरल करने पर लगभग मान आता है

(A) 48 (B) 49

(C) 50 (D) 51

**52.** $12\frac{1}{16}$ का दशमलव समतुल्य है

(A) 12·625 (B) 12·6025

(C) 12·0625 (D) 12·0525

**53.** 7·7, 7·07, 7·007 तथा 77·0077 का योगफल है

(A) 98·7807 (B) 98·7847

(C) 98·7877 (D) 98·7777

**54.** 6-अंकों की छोटी-से-छोटी संख्या तथा 4-अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या में अंतर है

(A) 1 (B) 90000

(C) 90001 (D) 900001

**55.** दो लाख, दो हजार को अंकों द्वारा लिखने पर प्राप्त होता है

(A) 20,200 (B) 2,00,200

(C) 2,02,000 (D) 22,000

**56.** एक रेलगाड़ी दिल्ली से 8:15 a.m. पर चलती है तथा अजमेर 2:30 p.m. पर पहुँचती है । रेलगाड़ी द्वारा दिल्ली से अजमेर पहुँचने में लगा समय है

(A) 10 घंटे 45 मिनट

(B) 6 घंटे 15 मिनट

(C) 6 घंटे 30 मिनट

(D) 6 घंटे

**57.** वह बड़ी-से-बड़ी संख्या जो 270 तथा 426 को भाग करने पर, प्रत्येक में 6 शेषफल देती है, है

(A) 12 (B) 22

(C) 30 (D) 36

**58.** वह संख्या कौन-सी है, जो 4, 8 और 6 तीनों का गुणज है ?

(A) 396 (B) 664

(C) 696 (D) 5432

**59.** प्रथम चार अभाज्य संख्याओं का योगफल क्या है ?

(A) 10 (B) 11

(C) 26 (D) 17

**60.** 3(13 + 6 × 7) ÷ (11 × 3) – (12 – 4 × 2) को सरल करने पर प्राप्त होता है

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) 9

**कच्चे कार्य के लिए जगह**

Navodayastudy.com

## खण्ड – III
## भाषा परीक्षण

**निर्देश :** इस खण्ड में **चार** अनुच्छेद हैं । प्रत्येक अनुच्छेद पर **पाँच** प्रश्न हैं । प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनकी क्रम संख्या (A), (B), (C) और (D) है । इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है । सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें ।

### अनुच्छेद – 1

शरद ऋतु गर्मी और जाड़े के मौसम के बीच आती है । इस सुंदर ऋतु में बहुत से परिवर्तन होते हैं । दिन छोटे हो जाते हैं । पेड़ों की पत्तियाँ हरे रंग से बदलकर जीवंत लाल, पीली और नारंगी हो जाती हैं । वस्तुत: पत्तियों को हरा बनाए रखने के लिए पेड़ों को धूप चाहिए । धूप के बिना पत्तियाँ पीली हो जाती हैं । घास पर अब ओस नहीं बिछी होती, बल्कि प्राय: प्रत्येक प्रात:काल को पाला पड़ता है क्योंकि तापमान हिमबिन्दु तक जा पहुँचता है । पशु जाड़े के लंबे महीनों के लिए पर्याप्त भोजन एकत्र करने लगते हैं । ये परिवर्तन तब होते हैं जब हम ग्रीष्मकाल की गर्मी से शीतकाल की सर्दी के अनुकूल हो रहे होते हैं ।

**61.** ग्रीष्म और _________ के बीच शरद ऋतु आती है ।
(A) जनवरी (B) वसंत
(C) शीत (D) अयनांत

**62.** शरद ऋतु में निम्नलिखित में से क्या परिवर्तन हो सकता है ?
(A) दिन छोटे होते हैं ।
(B) इसमें बहुत गर्मी पड़ती है ।
(C) दिन बड़े होते हैं ।
(D) अधिक धूप होती है ।

**63.** शरद ऋतु में पत्तियाँ पीली हो जाती हैं क्योंकि
(A) उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती ।
(B) उन्हें पर्याप्त प्रकाश नहीं मिलता ।
(C) उन्हें पर्याप्त जल नहीं मिलता ।
(D) उनमें बहुत अधिक ऑक्सीजन एकत्रित होती है ।

**64.** शरद ऋतु के बीतने की तैयारी करते हुए पशु क्या करते हैं ?
(A) भोजन एकत्र करते हैं ।
(B) कम भोजन खाते हैं ।
(C) फर गिरा देते हैं ।
(D) रंग बदल लेते हैं ।

**65.** 'बिछी होती' के लिए दूसरा शब्द हो सकता है
(A) घास वाली (B) ऊनी
(C) ढकी हुई (D) बढ़ती हुई

### अनुच्छेद – 2

शरीर का भार कम करने या स्वस्थ भार बनाए रखने के लिए केवल दो साधारण नियम हैं । वे हैं कम वसा और शर्करा वाला संतुलित भोजन करना और अधिक व्यायाम करना । भार कम करने के लिए आपको भूखे रहने की कोई आवश्यकता नहीं है । यदि आप चीनी, केक, बिस्कुट कम लें तथा अधिक फल और सब्ज़ियाँ खाएँ और पर्याप्त पानी पिएँ, तो आपका भार कम हो जाएगा और आप अधिक स्वस्थ हो जाओगे । प्रतिदिन सैर के लिए जाएँ या साइकिल चलाएँ । टेलीविज़न देखने या वीडियो गेम्स खेलने के स्थान पर अधिक सक्रिय रहें ।

**66.** हम स्वस्थ कैसे रह सकते हैं ?
(A) केवल बिस्कुट खाकर
(B) केवल व्यायाम करके
(C) संतुलित भोजन खाकर और व्यायाम करके
(D) अधिक फल खाकर

**67.** भार कम करने के लिए हमें क्या अधिक खाना चाहिए ?
(A) चीनी और केक
(B) फल और सब्ज़ियाँ
(C) बिस्कुट और चीनी
(D) बिस्कुट और फल

**68.** स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या अधिक पीना चाहिए ?
(A) कोला पेय
(B) फलों का रस
(C) पानी
(D) सब्ज़ियों का रस

**69.** कौन-सा व्यायाम सबके लिए अच्छा है ?
(A) सैर करना और साइकिल चलाना
(B) पतंग उड़ाना
(C) वीडियो गेम्स खेलना
(D) टेलीविज़न देखना

**70.** 'सक्रिय' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?
(A) सुस्त
(B) निष्क्रिय
(C) इच्छुक
(D) ऊर्जावान

## अनुच्छेद – 3

क्या आपने रस्सा-कशी खेल खेला है ? यह एक रोचक खेल है । रस्सा-कशी का खेल खेलने के लिए आपको कुछ खुली जगह, एक लंबी एवं मज़बूत रस्सी और खिलाड़ियों की दो टीमों की आवश्यकता होती है । खेल तभी रोचक होगा जब दोनों टीमें बराबर मज़बूत होंगी । दोनों टीमों के बीच एक रेखा खींच दी जाती है । जो टीम खींची जाती है और बीच की रेखा पार करने को बाध्य कर दी जाती है, खेल हार जाती है ।

टीम के सबसे शक्तिशाली सदस्य को मज़बूती से रस्सी के अंतिम छोर को पकड़े रहना चाहिए और टीम को संगठित होकर रस्सी को खींचना चाहिए । खेलने के स्थान से पत्थरों को साफ कर देना चाहिए । अन्यथा उनसे चोटें लग सकती हैं ।

**71.** रस्सा-कशी ________ है ।

(A) एक युद्ध (B) एक रस्सी
(C) एक खेल (D) एक लड़ाई

**72.** 'रस्सा-कशी' में हम ________ ।

(A) मुक्केबाज़ी करते हैं
(B) छुपा-छुपी करते हैं
(C) रस्सी खींचते हैं
(D) बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी करते हैं

**73.** रस्सी के अंतिम छोर को पकड़ने वाला टीम का ________ सदस्य होता है ।

(A) सबसे लम्बा (B) सबसे छोटा
(C) सबसे शक्तिशाली (D) सबसे युवा

**74.** टीम जो बीच की रेखा के पार खींच ली जाती है ________ ।

(A) विजयी होती है
(B) हार जाती है
(C) सफल होती है
(D) उसको दूसरा अवसर दिया जाता है

**75.** 'संगठित' शब्द का आशय है

(A) साथ-साथ (B) लड़ाई
(C) खींचना (D) विजयी होना

## अनुच्छेद – 4

दीपक उत्साहित था । वह अपने चाचाजी और चचेरे भाई-बहन प्रीत और रिया के साथ रविवार को पिकनिक पर जा रहा था । उसने अपने तैराकी के सामान, नाश्ते और खेलने के सामान को अपने एक पिट्ठू बैग में रख लिया । वे सुबह छ: बजे चल दिए । बहुत दूर तक गाड़ी चलाने के बाद वे पिकनिक के स्थान पर सुबह नौ बजे पहुँच गए । यह स्थान गाँव में एक फार्महाउस था । उन्होंने गाँव के चारों ओर घूमकर धान के खेत देखे और जाना कि चावल कैसे उगाया जाता है । वे पेड़ों पर चढ़े और आम तथा अमरूद तोड़े । दोपहर को एक पेड़ के नीचे बैठकर उन्होंने दोपहर का भोजन किया । जब चाचाजी ने कहा कि अब घर लौटने का समय है तो वे और देर तक ठहरना चाहते थे क्योंकि उन्हें गाँव बहुत अच्छा लगा ।

**76.** 'उत्साहित' शब्द का अर्थ है

(A) विश्वस्त (B) बहुत प्रसन्न
(C) व्यस्त (D) निराश

**77.** दीपक और उसके चचेरे भाई-बहन ________ ।

(A) गाँव में ऊब गए
(B) ने पिकनिक का आनंद लिया
(C) घर वापस आना चाहते थे
(D) पेड़ों पर न चढ़ सके

**78.** दीपक अपने ________ के साथ पिकनिक पर गया ।

(A) माता-पिता
(B) चाचा और चचेरे भाई-बहन
(C) मित्रों
(D) बहन

**79.** पिकनिक का स्थान एक ________ में था ।

(A) पार्क (B) समुद्र-तट
(C) गाँव (D) तरण-ताल

**80.** चाचाजी ने दीपक को दिखाया कि कैसे ________ ।

(A) हम खाते हैं (B) तैरते हैं
(C) गाड़ी चलाते हैं (D) चावल उगाते हैं

Navodayastudy.com

कच्चे कार्य के लिए जगह

Navodayastudy.com